## महत्वपूर्ण एवं खास

### किसान से रिश्वत मांगने वाला पटवारी निलंबित

**कवर्धा (आरएनएस)।** किसान से रिश्वत की मांग करने वाले पटवारी को कलेक्टर ने निलंबित कर दिया है. बता दें कि पटवारी पर कार्रवाई का मांग को लेकर शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया था। इस दौरान छात्र नेता और एसडीएम से झूमाझटकी भी हुई थी। इसके बाद कलेक्टर ने कार्रवाई की है। रिश्वत मांगते हुए पटवारी का आडियो क्लीप भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस मामले पर संज्ञान लेते हुए कवर्धा कलेक्टर ने डोंगरियाकला के हल्का नंबर 43 के पटवारी डोमन लाल साहू को निलंबित कर दिया है।

### रायपुर-विशाखापट्टनम पैसेंजर 15 से रहेगी रद्द

**रायपुर (आरएनएस)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में रायपुर लखोली के मध्य नॉन इंटरलॉकिंग कार्य होने के कारण रायपुर विशाखापट्टनम रेल मार्ग पर गाडिय़ों का परिचालन प्रभावित रहेगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में रायपुर लखोली के मध्य नॉन इंटरलॉकिंग कार्य होने के कारण दिनांक 15 दिसंबर 2024 से 20 दिसंबर 2024 तक रायपुर विशाखापट्टनम रेल मार्ग पर गाडिय़ों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

**गंतव्य से पहले समाप्त होने वाली गाडिय़ां-**

(1) गाड़ी संख्या 08528 विशाखापट्टनम रायपुर पैसेंजर दिनांक 15 से 19 दिसंबर 2024 तक महासमुंद में समाप्त होगी । यह गाड़ी महासमुंद एवं रायपुर के मध्य रद्द रहेगी।

(2) गाड़ी संख्या 08527 रायपुर विशाखापट्टनम पैसेंजर दिनांक 16 से 20 दिसंबर तक महासमुंद से ही प्रारंभ होगी यह गाड़ी रायपुर महासमुंद के बीच रद्द रहेगी।

### पिकअप वाहन और डीजल ट्रक में भिड़ंत, एक की मौत

**कोरबा-रायपुर (आरएनएस)।** बिलासपुर-अंबिकापुर मार्ग के मोरगा थाना क्षेत्र में आज सुबह-सुबह एक भीषण सडक़ हादसा हो गया. ताराघाटी के पास पिकअप वाहन और डीजल ट्रक की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में पिकअप ड्राइवर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. हादसे में पिकअप में सवार चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि ट्रक ड्राइवर को भी चोटें आई हैं. राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में गाडिय़ों में कोई आग नहीं लगी. डीजल टैंक में डीजल होने से बड़ी आगजनी भी होने की संभावना थी, जो टल गई. घटना की सूचना मिलने के बाद मोरगा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा. इसके साथ ही मर्ग कायम कर मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### 85 संदिग्ध गिरफ्तार, बांग्लादेश होने की आशंका

**भिलाई-रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में छिपकर रह रहे बांग्लादेशियों को लेकर प्रदेश सरकार एक्शन मोड में है। प्रदेश के अलग-अलग ?जिलों की फैक्ट्रियों और ठिकानों पर पुलिस की टीम दबिश देकर बाग्लादेशी नागरिकों की तलाश कर रही है। इसी बीच खबर आ रही हे कि भिलाई के 4 अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 85 संदिग्धों की पहचान की गई है। फिलहाल पुलिस सभी से पूछताछ कर रही है। बता दें कि हाल ही में गृह मंत्री विजय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया था कि 800 से अधिक बांग्लादेशियों को बाहर भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार बांग्लादेशी नागरिकों की तलाशी अभियान के दौरान मिले 85 संदिग्धों को पुलिस ने संदेह के आधार पर नोटिस दिया है। बताया जा रहा है कि ये सभी फैक्ट्री में या आस-पास काम करते हैं। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री संचालकों को भी नोटिस जारी किया जा सकता है। फैक्ट्री संचालकों को बिना वेरिफिकेशन के काम पर रखने के लिए नोटिस जारी किया जा सकता है।

# बस्तर और सरगुजा के सुदूर वनांचलों में भी बिछ रही नई रेल लाइनें

❐ यात्री और माल परिवहन की व्यवस्थाएं हो रही सुदृढ़

**रायपुर ।** आरएनएस



छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की डबल इंजन की सरकार में रेल नेटवर्क का लगातार विस्तार हो रहा है। यहां नई रेल लाइन बिछाने की कई परियोजनाओं पर तेजी से काम हो रहे है। छत्तीसगढ़ में मजबूत हो रहे रेल नेटवर्क से आने वाले समय में न केवल माल परिवहन की सुविधाओं में इजाफा होगा, बल्कि यहां के लोगों को राज्य के भीतर और राज्य के बाहर भी सुविधाजनक यात्रा के कई नए विकल्प मिलेंगे। राज्य में रेल नेटवर्क के विस्तार से औद्योगिक और अधोसंरचना विकास को भी नई गति मिलेगी।

छत्तीसगढ़ सरकार और रेल मंत्रालय के बेहतर समन्वय से राज्य में नई रेल लाइनों के काम द्रुत गति से चल रहे हैं। रावघाट रेलवे लाइन परियोजना के अंतर्गत दल्लीराजहरा से अंतागढ़ तक नई बिछी 77 किलोमीटर लाइन पर यात्री ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। इस रेल लाइन के दोनों ओर बसे हजारों ग्रामीण अब अपने गांव से ही ट्रेन में बैठकर रोज दल्लीराजहरा, दुर्ग, भिलाई और रायपुर तक किफायती सफर कर रहे हैं। इस रेल लाइन को रावघाट तक बढ़ाने के लिए तुमापाल (ताहोकी) से कोसरोण्डा तक पांच पुल-पुलियों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। रेल पटरी बिछाने का काम भी प्रगति पर है। कोसरोण्डा से फुलपाड़ एवं फुलपाड़ से रावघाट तक अर्थ वर्क के साथ 21 पुल-पुलियों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। साथ ही 27 पुल-पुलियों का काम प्रगति पर है। सरगीपाल के पास रेलवे स्टेशन के भवन, प्लेटफॉर्म और आवासीय भवन का कार्य भी प्रगति पर है। रावघाट के भिलाई से रेल मार्ग से जुड़ जाने से भिलाई इस्पात संयंत्र को बड़े पैमाने पर लौह अयस्क की आपूर्ति हो सकेगी। साथ ही इस सुदूर क्षेत्र के लोगों को यातायात का एक सर्वसुलभ और किफायती साधन भी उपलब्ध होगा।

बस्तर में के.के. (कोतावलसा से किरंदुल) रेल लाइन दोहरीकरण परियोजना का काम भी तेजी से चल रहा है। इस 446 किलोमीटर लंबे रेल लाइन का 170 किलोमीटर हिस्सा छत्तीसगढ़ में है। बस्तर जिले में इसकी लंबाई 92 किलोमीटर और दंतेवाड़ा जिले में 78 किलोमीटर है। छत्तीसगढ़ में इस रेल लाइन के 148 किलोमीटर में दोहरीकरण का काम पूर्ण हो गया है, जिनमें बस्तर जिले में आने वाला 92 किलोमीटर और दंतेवाड़ा जिला का 56 किलोमीटर रेल लाइन शामिल है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रदेश की आर्थिक तरक्की के लिए रेल परिवहन के समुचित उपयोग पर जोर दे रहे हैं। भारत सरकार के सहयोग से राज्य में कई रेल परियोजनाओं पर तेजी से काम हो रहे हैं। साथ ही कई परियोजनाओं के विस्तार की तैयारी है। 295 किलोमीटर लंबी और 4021 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत वाली डोंगरगढ़-कवर्धा-कटघोरा रेल लाइन परियोजना को मंजूरी रेल मंत्रालय से मिल चुकी है। इसके लिए भूमि अधिग्रहण और प्रारंभिक निर्माण कार्यों के लिए अभी 300 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इस रेल लाइन में डोंगरगढ़ से कवर्धा के बीच 12 और कवर्धा से कटघोरा के बीच 15 स्टेशनों का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना से क्षेत्र में न केवल यात्री सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी, बल्कि खनिजों के परिवहन और रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे।

राज्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और कनेक्टिविटी बढ़ाने कई नई रेल परियोजनाओं पर काम हो रहे हैं। 180 किलोमीटर लंबी कोरबा-अंबिकापुर नई रेल लाइन के सर्वेक्षण और डीपीआर के लिए 16 करोड़ 75 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इस परियोजना से सरगुजा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। गढ़चिरौली-बीजापुर-बचेली तक 490 किलोमीटर लंबी रेल लाइन के सर्वेक्षण के लिए भी सवा 12 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। इस परियोजना से सुदूर क्षेत्रों को बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों से जोडऩे में मदद मिलेगी।

सरडेगा-भालुमुडा के बीच 37 किलोमीटर डबल लाइन परियोजना ओडिशा और छत्तीसगढ़ के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर करेगी। इसके लिए 1360 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। छत्तीसगढ़ में अम्बिकापुर-बरवाडीह, खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा, रावघाट-जगदलपुर और धरमजयगढ़-पत्थलगांव-लोहरदगा रेल परियोजनाओं की भी डीपीआर तैयार हो रहा है। धरमजयगढ़-लोहरदगा परियोजना के लिए रेलवे द्वारा किया जा रहा सर्वेक्षण का काम अंतिम चरण में है। छत्तीसगढ़ में विस्तारित रेल नेटवर्क से यात्री कनेक्टिविटी बढ़ने के साथ ही औद्योगिक और खनिज संसाधनों का परिवहन भी सुगम होगा। महत्वाकांक्षी रेल परियोजनाओं के साथ ही राज्य में कई छोटी रेल लाइनों और मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं की भी योजना हैं। इससे क्षेत्रीय विकास और आपूर्ति श्रृंखला मजबूत होंगी।

## दो बड़े शातिर साइबर ठग गिरफ्तार, करोड़ों रुपए की इनवॉइस जब्त

**रायपुर ।** आरएनएस

रायपुर साइबर पुलिस ने दिल्ली के दो बड़े शातिर साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी दिल्ली से रायपुर में आकर रह रहे थे। आरोपियों अपने आधार कार्ड में एड्रेस चेंज करवा कर रायपुर में दो फर्जी कंपनियां खोल रखी थी। इसी आधार पर आरोपियों ने अलग-अलग बैंकों में करीब 30 प्लेटिनियम अकाउंट भी खुलवाये थे। पुलिस ने इनके कब्जे से थाईलैंड, हॉन्गकॉंग भेजे गए 12083998 यूएस डॉलर (102.4 करोड़ रुपए) की इनवॉइस जब्त की है। साथ ही 175 करोड़ का ट्रांजेक्शन, 2 करोड़ से अधिक की रकम भी साइबर की टीम ने होल्ड करवाया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी डॉक्टर प्रकाश गुप्ता ने उनके साथ शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा के नाम से 11 लाख ठगी होने पर थाना आमानाका में सूचना दिया था। रिपोर्ट पर धारा 420,34 पंजीकृत कर विवेचना रेंज साइबर थाना रायपुर को सौंपी गई थी। विवेचना क्रम में तकनीकी साक्ष्य एकत्र किए गए। पता चला कि आरोपी पवन और गगनदीप दोनों दिल्ली के निवासी हैं। दोनों आरोपी रायपुर छत्तीसगढ़ आकर अपने आधार कार्ड में रायपुर का पता बदलवाए तथा उसी पता के आधार पर दो फर्जी कंपनी फ्रिज टैक सोल एवं जीपी इंटरप्राइजेस बनाकर अलग अलग बैंकों में 30 प्लेटिनियम अकाउंट खोले। उक्त बैंक अकाउंट का प्रयोग ठगी से प्राप्त रकम से यूएस डॉलर खरीद कर हॉन्गकांग की 4 कंपनी हाइपरलिंक इंफ ोसिस्टम लिमिटेड, ब्लू ऑर्किड ग्लोबल, कंसाई इंटरनेशनल लिमिटेड, एम एस मॉर्निंग तथा थाईलैंड की 4 कंपनी एनआरआई सिस्टम टेक्नो, परसौल प्रोसेस एंड टेक्नोलॉजी, ग्लोबल विजार्ड टेक्नोलॉजी, डाटा आर्ट टेक्नोलॉजी को यूएस डॉलर भेजते थे। उक्त हॉन्गकांग और थाईलैंड की कंपनियां के दस्तावेज प्राप्त हुए हैं, ये कंपनियां वहीं संचालित हैं जहां डिजिटल अरेस्ट, शेयर ट्रेडिंग फ्रॉड एवं अन्य साइबर अपराधों से संबंधित आईपी की जानकारी मिली है। आरोपियों से पूछताछ में लुधियाना, दिल्ली की कंपनी की जानकारी मिली है, जिस पर कार्यवाही जारी है।

दोनों आरोपियों से 41 बैंक अकाउंट, डेबिट कार्ड, चेक बुक, कंप्यूटर, लैपटॉप, पेन ड्राइव, मोबाइल, डॉलर परचेस इनवॉइस, वन टाइम पासकोड डिवाइस, यूपीआई स्कैनर अलग-अलग एड्रेस के आधार कार्ड जप्त हुए हैं। आरोपियों के विरुद्ध वेस्ट बंगाल, पंजाब, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा में रिपोर्ट दर्ज है। आरोपियों को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही की जारी है।

मामले में पुलिस ने पवन कुमार पिता सुखबीर सिंह, उम्र 40 वर्ष, गुरु हरकिशन नगर, मटियाला एक्सटेंशन, उत्तम नगर दिल्ली तथा गगन दीप पिता दर्शन लाल उम्र 44 वर्ष, विकासपूरी एक्सटेंशन दिल्ली को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से हॉन्गकांग और थाईलैंड भेजे गए 12083998 यूएस सडॉलर (102.4 करोड़ रुपए) की इनवॉइस जप्त किया है।

## पिकअप वाहन पलटने से 12 घायल, 4 की हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

**बलरामपुर ।** आरएनएस

जिले के रामचंद्रपुर विकासखंड के रमडोल और चाकी के बीच पिकअप वाहन पलटने से लगभग एक दर्जन लोग घायल हुए है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को प्राथमिक उपचार के लिए रामानुजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टरों ने बेहरत इलाज के लिए बलरामपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

पुलिस के द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामचंद्रपुर विकासखंड के विशालपुर ग्राम से मितगई खिलाड़ी फुटबॉल खेलने के लिए पिकअप वाहन से जा रहे थे, तभी रमडोल और चाकी के बीच ट्रक से साइड लेने के दौरान अनियंत्रित होकर पिकअप वाहन पलट गई। जिसमें लगभग एक दर्जन खिलाड़ी घायल हो गए। जिसमें चार की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**- घायलों को जिला अस्पताल किया गया रेफर-** सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने खिलाडिय़ों को प्राथमिक उपचार के लिए रामानुजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आई। जहां डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया।

## बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों ने रैली निकालकर सौपा ज्ञापन

**बलरामपुर ।** आरएनएस

जिले में बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षक अपनी नौकरी को लेकर चिंतित हैं। वह सरकार से अपने समायोजन की मांग कर रहे हैं। रैली निकाल तहसीलदार के माध्यम से राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

छत्तीसगढ़ में पिछले साल 2023 के सितंबर महीने में बीएड प्रशिक्षित लगभग 2900 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षा पास कर मेरिट के आधार पर बस्तर और सरगुजा संभाग में हुई थी और नियुक्ति के बाद सहायक शिक्षक सुदूर क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के द्वारा 10 दिसंबर 2024 को दो सप्ताह के अंदर नियुक्ति देने की बात के साथ ही बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों की नियुक्ति निरस्त करने की बात कही गई है, जिससे बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों की नौकरी खतरे में आ गई है और इनके आर्थिक मानसिक और सामाजिक रूप से कठिनाई होने की बात सामने आ रही है। इस संबंध में बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षिका प्रियंका पैकरा का कहना है कि आज हमारी नौकरी खतरे में है इसलिए हम सरकार से ये मांग करते हैं कि हमारी नौकरी को सुरक्षित रखें। मेरा एक बेटा भी है। जिसको लेकर मैं कठिनाइयों का सामना करते हुए सेवा देते आ रही हूं। अगर हम लोगों को नौकरी से निकाल देंगे तो क्या करेंगे। शिक्षक के रूप में परिवार में समाज में हमारी पहचान बन चुकी है।

## राष्ट्रीय राजमार्ग 343 जर्जर होने से वाहनों की आवाजाही प्रभावित

❐ जर्जर सडक़ को लेकर रहवासियों में आक्रोश

**रामानुजगंज ।** आरएनएस

रामानुजगंज राष्ट्रीय राजमार्ग 343 की लगातार जर्जर स्थिति अब लोगों को रुलाने लगी है। जर्जर सडक़ के कारण लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बाद भी राष्ट्रीय राज्य मार्ग के अधिकारियों की नींद नहीं टूट रही है। जिन गड्डो को 24 घंटे के अंदर भर देने चाहिए थे वह गड्ढे महीनो बाद भी नहीं भरे जा रहे हैं। जर्जर सडक़ को लेकर धीरे-धीरे लोगों का आक्रोश बढ़ते जा रहा है जो कभी भी आंदोलन का स्वरूप ले सकता है। लोगों की धैर्य की परीक्षा राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी ले रहे हैं।

रामानुजगंज से लोगों को बलरामपुर जाना बहुत ही कठिनाई भरा सफर साबित हो रहा है लोगों को तीन दशक पहले की याद आ रही है जब सडक़ अत्यंत जर्जर था उसी प्रकार से पुन: एक बार सडक़ के जर्जर हो जाने से लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है। प्रतिदिन हजारों लोग दो चक्का चार चक्का वाहन से रामानुजगंज से बलरामपुर एवं बलरामपुर से रामानुजगंज आना-जाना करते हैं परंतु आना जाना दोनों मुश्किल भरा सफल साबित हो रहा है। जर्जर सडक़ के कारण प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। बीते कुछ माह से ऐसा कोई दिन नहीं रहा है जिस दिन कोई न कोई छोटी बड़ी दुर्घटना न घटी हो। परंतु राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी इतने बेपरवाह है कि सडक़ों के गड्डो को भी भरवाने में दिलचस्पी नहीं दिख रहे हैं।

धूल के गुब्बार से चलना हो रहा है मुश्किल एक ओर जर्जर सडक़ लोगों के लिए परेशानी का सबब बना ही है वही धूल का ऐसा गुब्बार उठ रहा है कि रामानुजगंज से बलरामपुर जाने में लोग धूल से नहा जा रहे हैं वहीं जब बड़ी वाहने दो चक्का वाहनो के बगल से गुजर रही है तो धूल के कारण दिखाई भी नहीं पड़ रहा है ऐसे में दुर्घटना की प्रबल संभावना काफी बढ़ जा रही है।

हिचकोले खाते संभल कर करना पर करना पड़ता है तातापानी पार राष्ट्रीय राजमार्ग में यदि आप तातापानी प्रवेश करते हैं तो संभल जाएं तातापानी मुख्य बाजार प्रवेश करते ही बड़े गड्डो से आपका स्वागत होगा वही जब आप मुख्य बाजार से होकर गुजरेंगे तो बड़े-बड़े गड्ढे हर एक पल आपको दुर्घटना के लिए आमंत्रित करते रहेंगे। आपको काफी बचकर यहां से निकलना पड़ेगा।

## दो दिन तक पैदल चल मार गिराए 7 नक्सली,जवानों का जज्बा बेमिसाल

❐ सुरक्षा बलों की रणनीति के आगे पस्त हुए नक्सली

❐ अबूझमाड़ में मारे गए हैं टॉप नक्सली लीडर- अर्जुन झा-

**जगदलपुर ।** आरएनएस

लगातार दो दिन तक उबड़ खाबड़, पथरीली राहों पर पैदल सफर, रास्ते में उफान मारती इंद्रावती नदी समेत कई नदी नालों को भी पार कर हौसला कायम रख पुलिस और सुरक्षा बलों के जवानों को बड़ी कामयाबी दिलाई है। नक्सलियों की मांद में घुसकर जवानों ने सात नक्सलियों को मार गिराया। मिशन को चार जिलों में तैनात फोर्स ने मिलकर अंजाम दिया है।

12 दिसंबर को दोपहर अबूझमाड़ इलाके के रेकावाया में हुई मुठभेड़ में मारे गए 7 नक्सलियों के शव को जवानों ने शुक्रवार को इंद्रावती नदी पार कर बीजापुर जिला भैरमगढ़ पहुंचे। मृतकों नक्सलियों में 2 महिला भी शामिल हैं। मृतक नक्सलियों के शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल डिमरापाल भेजा गया। इस आपरेशन में दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बस्तर और कोंडागांव जिलों से डीआरजी, एसटीएफ व सीआरपीएफ के जवान शामिल थे। दरअसल, इस इलाके में 30-40 नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना सुरक्षा बलों को मिली थी। इस सूचना के आधार पर चारों जिलों की फोर्स को जॉइंट आपरेशन पर भेजा गया था। 10 दिसंबर को जवान जंगलों के रास्ते इंद्रावती नदी समेत कई छोटे बड़े नदी नाले भी पार कर लगातार 2 दिन तक पैदल चलने के बाद 12 दिसंबर की दोपहर रेकावाया के जंगल में नक्सलियों से आमना सामना हो गया। जवानों को देखते ही नक्सलियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी गोलीबारी शाम तक चलती रही जिसमें से कुछ नक्सली भागने के प्रयास में अलग-अलग दिशाओं में जाने लगे। लेकिन दूसरी तरफ मौजूद फोर्स की दूसरी टुकडिय़ों से उनका आमना-सामना हो गया। अंधेरा ज्यादा होने की वजह से कुछ नक्सली भाग निकलने में कामयाब हो गए।

सर्चिंग में 7 नक्सलियों के शव बरामद हुए। फोर्स का दावा है कि इस गोलीबारी में कुछ और भी नक्सली हताहत हुए हैं, जिन्हें उनके साथी उठा ले जाने में कामयाब हो गए। दंतेवाड़ा एसपी गौरव रामप्रवेश राय ने बताया कि इस मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त कराई जा रही है। इस एनकाउंटर में बड़े कैडर के मारे जाने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत विवाह के बंधन में बंधे 124 जोड़े

❐ प्रभारी मंत्री ने नवविवाहित जोड़ो को 35-35 हजार रूपये का चेक प्रदाय किया

**गरियाबंद ।** आरएनएस

जिले के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल शनिवार को जिला मुख्यालय गरियाबंद के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर कार्यक्रम की अध्यक्षता राजिम विधायक रोहित साहू ने की। कार्यक्रम में उन्होंने नव विवाहित जोड़ों को विवाह और खुशहाल जीवन शुभकामना देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि 124 जोड़ों का एक साथ सामूहिक विवाह संपन्न होना बहुत बड़ी बात है। जिसमें गरियाबंद विकासखण्ड के 13 जोड़े, मैनपुर के 59, फिंगेश्वर के 3, छुरा के 26 और देवभोग विकासखण्ड के 24 जोड़े शामिल है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के हाथों 5 नवविवाहित जोड़ो को 35-35 हजार रूपये का चेक प्रदाय किया गया। इसी तरह छत्तीसगढ़ महिला कोष के तहत आशा किरण महिला स्वसहायता समूह (पैरा आर्ट) को 2 लाख रूपये का ऋण तथा सक्षम योजना के तहत हितग्राही कविता गंधर्व को 1 लाख 60 हजार रूपये का चेक वितरण किया गया। इस दौरान कलेक्टर दीपक अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अशोक पाण्डेय मौजूद थे।

जिले के प्रभारी मंत्री बघेल ने कहा कि आज के समय में शादी खर्चीली हो गई है, लेकिन राज्य सरकार की सामूहिक कन्या विवाह के आयोजन से इसकी बचत होती है। 50 हजार की सहायता राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। 35 हजार की राशि सीधे चेक से प्रदान की गई है। उन्होंने जिला प्रशासन तथा महिला एवं बाल विकास विभाग को बधाई देते हुए कहा की धूमधाम से बारात निकाली और विधिवत विवाह संपन्न कराया जा रहा है। लोग अब एक साथ विवाह के लिए राजी हो रहे है यह अच्छी बात है। उन्होंने विवाह में शामिल दोनों पक्षों को बधाई ओर शुभकामनाएं दी।

इस दौरान प्रभारी मंत्री ने कार्यक्रम में राज्य सरकार के एक साल के कार्यकाल पूर्ण होने पर उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक साल में सरकार ने अधिकांश घोषणाओं को पूरा किया गया है। मंत्री बघेल ने विश्वास दिलाते हुए कहा की सरकार की योजना का लाभ हर वर्ग को मिले, यह हमारी सरकार का प्रयास है। राजिम विधायक रोहित साहू ने सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश के गरीबो के लिए, किसानो के लिए युवाओं के लिए बड़े बड़े कदम उठाए जा रहे है। सरकार जनहित के लिए अहम फैसला ले रहे है।

प्रदेश में विकास के बड़े काम स्वीकृत हो रहे है। यह आप सभी के आशीर्वाद से संभव हुआ। उन्होंने कहा कि आप लोगो के आशीर्वाद से सरकार बनी है। राज्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम हो रहा है। गरीबों को आवास, किसानों को लाभ, हर वर्ग के वादे पूरे किए जा रहे है।